### सफलतम कार्यकाल के बाद विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# समाज में शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग व धार्मिक कार्यों में सदस्यों ने किया नाम रोशन: बिन्दु रायसोनी






#### पता निर्देशिका का विमोचन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो महिला विंग द्वारा अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में वर्ष 2022-24 सफलतम दो वर्षीय कार्यकाल में आयोजित कार्यक्रम श्रृंखलाओं की प्रस्तुति, सदस्यों की पता निर्देशिका का विमोचन एवं नए आगाज हेतु सेलिब्रेट विथ द स्टार-अ मोमेंट ऑफ ऑनर एंड इंस्पिरेशन कार्यक्रम पैलेस ग्राउंड स्थित प्रिंसेस श्राइन में आयोजित किया गया। सभी पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। सभी ने वर्ष में आयोजित कार्यकाल टीम को बधाई एवं नूतन अध्यक्ष का स्वागत किया। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, धार्मिक, रचनात्मक, सेवा एवं सद्कार्यों से जुड़े हर कार्य में सदस्य अपने कर्तव्य से नाम रोशन कर रहे है।

आज उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करने का वक्त है। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने दो वर्षीय जीतो सफर को साझा किया। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र में इन दो वर्षों में आयोजित 14 संकाय पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रत्येक संयोजिका ने अपनी सह-संयोजिकाओं के साथ ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत की। सभी को स्मृति चिन्ह से उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, रेश्मा पुनमिया, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया, सहमंत्री भाविका कोठारी, पिंकी मेहता द्वारा सम्मानित किया गया। एक दूसरे से संबंध बनाए रखने में पता डायरेक्टरी की महत्वपूर्ण भूमिका देखते हुए जीतो महिला विंग द्वारा राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कनेक्ट के अंतर्गत नेटवर्किंग बढ़ाने हेतु ठोस आयाम सदस्य पता निर्देशिका का समायोजन का कार्य अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में संयोजिका मीना बडेरा एवं सह-संयोजिका संगीता नागोरी द्वारा हुआ। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन कर कार्य आवंटित किए गए। पता निर्देशिका के मुख्य प्रायोजक माइक्रोलेब्स की अर्चना दिलीप सुराणा एवं सह-प्रायोजक ओसवाल ग्रुप की सरिता श्रीपाल खिंवेसरा ने पता निर्देशिका का विमोचन किया। इसमें सहयोगी राजेंद्र छाजेड, इंदरचंद बोहरा, सरोज, संतोष गिरिया, प्रेम, संजय बैद, हायर प्राइवेट लिमिटेड, अनीता सुमन पिरगल, मेहता गोल्ड, चॉइस प्रिंटर्स, उषा, कल्पना मुथा, सीमा बैद का सहयोग रहा। उनका स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया गया। एपेक्स उपाध्यक्ष राजेंद्र छाजेड, केकेजी जोन चेयरमैन अशोक सालेचा, बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर नवमनोनीत अध्यक्ष विमल कटारिया, महामंत्री विजय सिंघवी, अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया, महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया की उपस्थिति रही। सभी ने महिला विंग के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें ढेरों बधाई दी एवं विचार व्यक्त किए।

#### अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी जयचंद बाफना के नाम की घोषणा

यूथ विंग अध्यक्ष मनीष कोठारी, महामंत्री खुशी पोरवाल, पूर्वाध्यक्ष निशा सामर, प्रमिला भंडारी, ललिता गुलेच्छा, मधु डोशी, अनीता पिरगल, पिंकी जैन, साउथ विंग से अध्यक्ष सुनीता गांधी, महामंत्री मोनिका पिरगल, नव मनोनीत अध्यक्ष बबिता रायसोनी, महामंत्री निधि पालरेचा ने शुभकामनाएँ व्यक्त की।

कार्यक्रम संयोजिका रेश्मा पुनमिया, सह-संयोजिका सुमन सिंघवी, रुचिका पटावरी ने संयुक्त रूप से सभी व्यवस्थाओं को विभिन्न समितियों में आवंटित किया। सर्वसम्मति से वर्ष 2024-26 हेतु जीतो महिला विंग अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी जयचंद बाफना के नाम की घोषणा नवमनोनीत चैप्टर अध्यक्ष विमल कटारिया ने की। कार्यकर्ता टीम द्वारा गुजराती संस्कृति प्रस्तुति, मैनेजिंग कमेटी द्वारा दो वर्षीय कार्य अनुभव के पलों की प्रस्तुति एवं पदाधिकारियों द्वारा कामयाबी के शिखर को छूने की प्रस्तुति मंच पर प्रभावी रही एवं दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का सफल संचालन पदाधिकारियों द्वारा हुआ। धन्यवाद सहमंत्री भाविका कोठारी व पिंकी मेहता द्वारा संयुक्त रूप से व्यक्त किया गया। राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## नवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीरवी समाज ट्रस्ट कनकपुरा रोड जगनहल्ली आईमाता वडेर के तत्वावधान में 10 दिवसीय शारदीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। संस्था के पेमाराम गहलोत ने बताया कि मंदिर को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाने के साथ ही रंगीन कपड़ों से विशेष सजावट की गई है। वडेर में दुर्गा माता का भव्य दरबार सजाया जाएगा। मंदिर में प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार व पूजा आरती होगी। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा वाचक बाल योगी मनोज भागवत कथा का वाचन करेंगे। शाम 5.30 बजे से रात 8 बजे तक डांडिया रास कार्यक्रम होगा। जिसमें महिलाएं, युवा, बालक, बालिकाएं अपने पारंपरिक परिधानों में गरबा रास नृत्य प्रस्तुत करेंगी और मां दुर्गा की आराधना करेंगी।

## नेत्रदान जागरूकता अभियान चलाया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित दृष्टिहीनों के लिए दृष्टि महाअभियान के तहत प्रचार-प्रसार करते हुए तेरापंथ युवक परिषद् राजाजीनगर ने शहर के प्रसिद्ध लालबाग वोटनिकल पार्क में शनिवार प्रात: भ्रमण पर आये जनमानस को नेत्रदान के लिए जागरूकता किया। शहर के व्यस्तम एवं प्रसिद्ध लालबाग वोटनिकल पार्क में स्थानीय लोगों से वार्तालाप करते हुए नेत्रदान कब, कौन, कैसे कर सकते है एवं नेत्रदान के पश्चात कैसे उन नेत्रों का उपयोग होता है, की विस्तृत जानकारी परिषद के सदस्यों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने तेयुप सदस्यों के इस आयाम की खूब-खूब सराहना की एवं इससे जुड़ने की इच्छा जताई।

जागरूकता रैली में तेयुप से अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया, जयंतीलाल गांधी, चेतन मांडोत, विनोद कोठारी ने नेत्रदान जागरूकता के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## क्षमायाचना एवं मैत्री पर्व का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल संघ की महिला शाखा श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल महिला मंडल के तत्वावधान में चिकपेट चौरड़िया भवन में क्षमायाचना पर्व एवं मैत्री पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। मेवाड़ महिला मंडल की सह संयोजिका गरीमा हिंगड ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी सदस्यों से क्षमायाचना की और बताया कि क्षमा हमे अहंकार से दूर करके झुकने की कला सिखाता है। मेवाड़ महिला मंडल की संयोजिका लाड़ बडोला ने सभी का स्वागत करते हुए सदस्यों से क्षमायाचना की और कहा कि जिसके जीवन में क्षमा है वह व्यक्ति महानता को प्राप्त कर सकता है। क्षमायाचना पर्व परम्परा निभाने के लिए नहीं बल्कि अंतरआत्मा से क्षमा मांगना सिखाती है। संगोष्ठी में क्षमायाचना पर्व एवं मैत्री पर्व पर प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें स्नेहा बोलिया, सरिता बाफना, मधु बाबेल, पिंकी बुरड, पवन रांका, मंजु रांका, मेघना हिरण, अनीता बाबेल, कविता बाफना, शिखा बाफना, नीतिका श्रीश्रीमाल, बिन्दु सुराना, अरुण, रीना बाबेल सहित काफी सदस्यों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका धनवन्ती काठेड, लाड़ बडोला और गरिमा हिंगड़ ने निभाई। प्रथम स्थान पर मेघना ग्रुप ने ड्रामा द्वारा क्षमायाचना की महानता बताई, जिसमें शिखा बाफना, अनीता बाबेल, कविता बाफना, मेघना हिरण थे। द्वितीय स्थान पर मधु बाबेल और पिंकी बुरड ने सास बहू का ड्रामा द्वारा मैत्री का रिश्ता बताया। तृतीय स्थान पर स्नेहा बोलिया ने गीतिका द्वारा क्षमायाचना की। सभी सदस्यों ने क्षमायाचना के इस महान पर्व पर एक दूसरे से क्षमा मांगी।

## जैन समाज को एक नई दिशा तथा चिंतन दिया गुरु सौभाग्य ने: डॉ वरुणमुनि



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्वावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में डॉ वरुणमुनि ने श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्यमुनि के चतुर्थ पुण्य स्मृति दिवस पर उनका गुणगान करते हुए कहा श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्यमुनि का संपूर्ण जीवन जिनशासन को समर्पित रहा। उनकी सोच प्रगतिशील एवं उनका दृष्टिकोण विशाल था। उन्होंने गुरु अम्बेश के साथ हजारों मील की पदयात्रा कर जैन धर्म का संदेश घर-घर पहुंचाया। देखते ही देखते आप न सिर्फ मेवाड़ स्थानकवासी समाज में छा गये अपितु पुरे भारतवर्ष के स्थानकवासी समाज के उच्च संतों में आपकी गणना होने लगी। जैन समाज को आपने एक नई दिशा तथा चिंतन दिया। इसी का परिणाम था कि द्वितिय पट्टाघर आचार्य सम्राट आनंदऋषि ने आपको 1987 के पूना साधु सम्मलेन में श्रमण संघ के महामंत्री पद पर नियुक्त किया। आपकी जिम्मेदारी और बढ़ गई। आपने पुरे स्थानकवासी समाज को श्रमण संघ के तहत लाने का बीड़ा उठाया और काफी सफलता मिली। सन 1983 में जब आपका मुम्बई में पधारना हुआ, आपने मेवाड़ से आकर बसे सभी स्थानकवासियों को इकट्ठा किया तथा उन्हें श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मेवाड़ मुम्बई नामक संस्था के तहत गठित किया। आपकी प्रेरणा से इस संस्था ने अपने कार्य के बल पर साधना सदनों का निर्माण किया। अनेक संत व सतियों के चातुर्मास करवाकर धर्म आराधना की। अनेक रचनात्मक कार्य आपकी प्रेरणा से होने लगे। पूज्य गुरुदेव अंबालाल के महाप्रयाण के पश्चात आप ही मेवाड़ स्थानकवासी समाज के एक मात्र चमकते सूर्य रहे। आप एक अच्छे वक्ता, लेखक तथा कवि के रूप में जाने जाते थे। आपके प्रवचनों में हमेशा अच्छी संख्या रहती थी। आपका हमेशा प्रयास रहता की मेवाड़ स्थानकवासी समाज के साथ सम्पूर्ण स्थानकवासी समाज संगठित हो। श्रमण संघ को सुदृढ़ बनाने तथा श्रमण संघ को विकास, उत्थान और शिखरस्त उचाईयों पर पहुँचाने में आपकी अहम् भूमिका रही। श्रमण संघ की एकता के लिए आप सदैव समर्पित रहे है। सन् 2015 में इंदौर में हुए श्रमण संघीय विराट साधु सम्मलेन में आपने जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वह शब्दातीत है। इस महा श्रम हेतु सम्पूर्ण श्रमण संघ आप पर नाज करते हुए कृतज्ञता के भाव रखता है। प्रभावना के लाभार्थी नेमीचंद नितिन गौरव दलाल परिवार रहे। पूर्व में रूपेशमुनि ने गुरु स्तवन की प्रस्तुति दी और अंत में पंकजमुनि ने मंगलपाठ प्रदान किया। इस अवसर पर जेवंतराज मुणोत, महावीर धोका, शांतिलाल चाणोदिया, अशोक बागरेचा, विनोदकुमार डांगी, राकेश लोढ़ा, तरुण पूनमिया व अन्य उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष प्रसन्न भलगट ने आभार ज्ञापित किया और संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

## हासन तेरापंथ महिला मंडल का साधारण सभा आयोजित



**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।** हासन तेरापंथ महिला मंडल द्वारा साधारण सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणा गीत के पश्चात नवकार मंत्र से हुई। तत्पश्चात अध्यक्ष कौशल्या तातेड़ ने सभी का स्वागत किया। मंत्री पिंकी गुलगुलिया ने केंद्र द्वारा निर्देशित साल भर के कार्यों का विवरण दिया। साथ ही सूरत में आयोजित अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के 49वें त्रिदिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए कार्यक्रम एवं गतिविधियों को साझा की। अधिवेशन में आए विशिष्ट अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देववृत ने महिला समाज को संबोधित किया।

फिर कोषाध्यक्ष संगीता कोठारी ने वर्ष भर के आय व्यय का विवरण दिया। राखी बनाने वाली रीटा तातेड़, राजुल भंसाली, नेहा तातेड़, निकिता सुराणा, मानसी तातेड़ को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। गीतिका में भाग लेने के लिए सूरज तातेड़ और रीटा तातेड़ को पुरस्कृत किया गया। आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष रेखा सूराणा ने व्यक्त किया।

## अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें : साध्वी धर्मप्रभा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए साध्वी धर्म प्रभा जी ने कहा कि हमारी आत्मा का क्या लक्ष्य है? इसका चिंतन करने का समय मनुष्य के पास है ही नहीं। आज एक धनवान भी अंधी दौड़ लगा रहा है और निर्धन भी दौड़ रहा है। निर्धन तो अपना पेट भरने में लगे हुए काम में मेहनत कर दौड़ रहा है जबकि एक धनवान अपनी पेटी भरने में लगा हुआ है। ये पेटी इतनी गहरी होती है कि ये कभी भरने वाली नहीं है। जो लोग जीवन भर हीरे-पन्ने - माणक मोतियों की संग्रह करने में लगे रहते है उनको ज्ञानियों ने मूढ बताया है क्योंकि इस सम्पूर्ण पृथ्वी पर मात्र तीन ही रतन हैं अन्न, जल और संत- ज्ञानी पुरुषों की वाणी। जिन्दगी बहुत तेज गति से व्यतीत हो रही हैं। व्यक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिये। संसार में सब भौतिक पदार्थ नाशवान हैं जिनको पाने में मनुष्य अपने अनमोल मानव जीवन की महत्ता को समझ नहीं पा रहा है। मोह-माया राग-द्वेष, कषायों के चक्कर में संसार में उलझा हुआ है। संसार के कार्यों में सच्चा सुख मिलने वाला नहीं हैं। अध्यक्ष गौतम चंद सिंघवी ने स्वागत किया। संचालन संघ उपाध्यक्ष पारसमल दुग्गड ने किया। महिला मंडल हनुमंतनगर का विशेष सहयोग रहा।

## मंथन कल आज और कल का आयोजन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** स्थानीय तेरापंथ भवन में शनिवार को मंथन कल आज और कल का आयोजन किया गया। सभी का तिलक एवं जैन पट्ट द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक नवकार महामंत्र के मंगल मंत्रोचार से हुई। विजयगीत का संगान देवीलाल गांधी, अनील गादिया, अशोक बोहरा, शुभम बाबेल, पंकज बाबेल, लक्ष्मीलाल गांधी, निखील बोहरा द्वारा किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन शाखा प्रभारी गौतम खाब्या ने किया। तत्पश्चात अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी ने स्वागत करते हुए पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री का संक्षिप्त परिचय देते हुए अभिनंदन किया। मंथन कार्यशाला में कल, आज और कल के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। इस कार्यशाला में सभी अभूतपूर्व अध्यक्षों के साथ पूर्व मंत्री एवं वर्तमान पदाधिकारीगण ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। अभूतपूर्व अध्यक्ष भगवतीलाल मांडोत ने आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर को अतिशीघ्र खोलने पर जोर दिया। अध्यक्ष मुकेश चावत ने रक्तदान पर अपने अनुभव साझा किए। अध्यक्ष कुशल बाबेल ने संघठन को और मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों में कैसे जोड़ कर रखें पर सुझाव दिए। भूतपूर्व अध्यक्ष दिलीप पोखरना ने अपने कार्यकाल के अनुभव और संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया।

शाखा प्रभारी गौतम खाब्या ने सभी की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए गुरु इंगित शनिवार सामायिक करने की प्रेरणा दी। सभी अध्यक्ष एवं मंत्री को परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मंत्री शुभम बाबेल ने किया।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *राज्य के कपड़ा मंत्री शिवानंद एस. पाटिल ने शनिवार को चामराजपेट में चातुर्मासार्थ विराजित मुनि राजपद्मसागर व मुनि श्रमणपद्मसागर के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद लिया। उनके साथ कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी भी मौजूद थे। इस अवसर पर गुरु भक्त गौतम वाणीगोता, महिपाल जैन, शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट चामराजपेट के ट्रस्टी हितेश, मुकेश, अम्बालाल कांकरिया, जीतू, राजू, विकास, भावेश ने मंत्री का सम्मान किया।*

# प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार को करें दूर: सीएम

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनके द्वारा किए गए हमलों के लिए निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की पार्टी में कई भ्रष्ट लोग हैं और उन्हें पहले इसे सुधारना चाहिए। हरियाणा में चुनावी भाषण में मुडा मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री मणिपुर हिंसा के बारे में कभी क्यों नहीं बोलते और वहां क्यों नहीं जाते? मुख्यमंत्री मैसूरु के शारदादेवीनगर में अपने आवास के पास पत्रकारों से बात कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि सिद्धरामैया ने 2011 में कहा था कि राज्यपाल भारत के राष्ट्रपति के निर्देशों के अनुसार काम करते हैं और वे कभी राजनीति नहीं करते, मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा मैं इस पहलू में एच डी कुमारस्वामी के बयान का जवाब नहीं दूंगा। चूंकि उनके कई बयान झूठ से भरे हुए हैं, इसलिए मुझे उन सभी के लिए जवाब देने की जरूरत नहीं है। ऐसा कुछ भी नहीं है जिसका मुझे जवाब देना चाहिए। शनिवार सुबह उनके कानूनी सलाहकार ए एस पोन्ना के उनके घर आने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा पोन्ना हर दिन मुझसे चर्चा करते हैं।



वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में जा रहे थे और इसलिए उन्होंने मुझसे मुलाकात की। इसका कोई विशेष महत्व नहीं है। सीएम सिद्धरामैया ने शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश और अन्य पार्टी नेताओं के साथ चर्चा की, जो शनिवार सुबह उनके घर आए थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की, लोगों की शिकायतें सुनीं और उनके घर के पास आने वालों से ज्ञापन लिए। इससे पहले सिद्धरामैया ने कहा कि किसी भी राज्यपाल को राज्य के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए और संविधान भी यही कहता है। राज्यपाल और कांग्रेस सरकार के बीच खींचतान पर एक सवाल का जवाब देते हुए, सीएम सिद्धरामैया ने शुक्रवार को मैसूरु हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा खींचतान से आपका क्या मतलब है? हम लोगों का जनादेश मिलने के बाद प्रशासनिक कार्य कर रहे हैं। लोगों ने हमें पांच साल तक शासन करने और राज्य में सुशासन सुनिश्चित करने का जनादेश दिया है और हम प्रशासन चला रहे हैं।

केंद्र, न केवल कर्नाटक में, बल्कि पूरे देश में, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्यपाल के कार्यालय का उपयोग कर रहा है, जहां भी विपक्ष शासन कर रहा है। इन कार्यालयों का केंद्र सरकार द्वारा दुरुपयोग किया जाता है। राज्य में उनके इस्तीफे की मांग तेज होने और मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले की सीबीआई जांच की मांग के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी किसकी सरकार के तहत काम कर रहे हैं? किसकी सरकार के तहत उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया?

वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अधीन काम कर रहे हैं। आरोपों के बावजूद वह इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं? उन्होंने कहा मुझे निशाना बनाना पूरी तरह से राजनीतिक है। वे कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। भाजपा में क्या नैतिकता है? केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी को उनकी सरकार में सत्ता दी गई है। जमानत पर बाहर होने के बावजूद उन्होंने अपना इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस को अंजाम देने की कोशिश की और असफल रहे। हमारे पास 136 विधायक हैं। भाजपा कभी भी चुनावों में पूर्ण बहुमत प्राप्त करके कर्नाटक में सत्ता में नहीं आई है।

## शिरूर भूस्खलन में मारे गए ट्रक चालक अर्जुन को

# अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शिरूर भूस्खलन में मारे गए ट्रक चालक अर्जुन (35) को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग उमड़े। उनके पार्थिव शरीर को एंबुलेंस से केरल के कालीकट स्थित उनके घर ले जाया गया। अर्जुन की अंतिम यात्रा शुक्रवार शाम को अंकोला से फ्रीजर एंबुलेंस में शुरू हुई। शनिवार को सुबह 2 बजे जब एंबुलेंस तालापडी पहुंची तो मंजेश्वर और कासरगोड विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों, जिला और ग्राम पंचायत सदस्यों समेत कई केरल-वासी सीमा पर एकत्र हो गए। टोल गेट पार करने के बाद एंबुलेंस को रोक दिया गया ताकि लोग अर्जुन को अंतिम श्रद्धांजलि दे सकें और कई लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। अर्जुन के शव की तलाश में अपनी जान जोखिम में डालने वाले और शव के साथ जाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अपथबंधव ईश्वर मालपे का भी लोगों ने आभार जताया। इस अवसर पर बोलते हुए, पैवालिके ग्राम पंचायत की स्थायी समिति के अध्यक्ष कयार ने कहा कासरगोड और मंजेश्वर निर्वाचन क्षेत्रों के कई प्रतिनिधि अर्जुन के अंतिम संस्कार के लिए यहां एकत्र हुए हैं।



कर्नाटक सरकार ने पहले ही 5 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है, और केरल सरकार ने भी सहायता का आश्वासन दिया है। लीग के सभी ब्लॉक सदस्य अर्जुन को अंतिम सलामी देते हैं। भगवान उनके परिवार को इस असामयिक क्षति को सहन करने की शक्ति दे। अंकोला विधायक सतीश सैल ने कहा शिरूर पहाड़ी ढहने की घटना कर्नाटक में एक दुखद घटना थी, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई। 71 दिनों तक हमने तीन शवों की तलाश की। 71वें दिन अर्जुन का शव उसके ट्रक के अंदर मिला, लेकिन स्थानीय निवासी लोकेश और जगन्नाथ के शव अभी भी लापता हैं। मंजेश्वर विधायक ए के एम अशरफ ने ऑपरेशन में सक्रिय रूप से सहयोग किया। ड्रेजिंग मशीनों के उपयोग सहित निरंतर प्रयासों के बाद, अर्जुन का शव आखिरकार बरामद हुआ। कर्नाटक सरकार ने 5 लाख रुपये का मुआवजा चेक प्रदान किया है, जिसे मैं उसके परिवार को सौंप दूंगा। हम एक इंसान की तलाश कर रहे थे, न कि सिर्फ एक शरीर की, और उसके पार्थिव शरीर को पाकर उसकी आत्मा को मोक्ष मिलेगा। मैं ऑपरेशन के दौरान सहयोग के लिए सभी विधायकों, खासकर ए के एम अशरफ को अपना हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

## पीड़ित महिला का आरोप

# मुनिरत्ना ने विकास सौधा और सरकारी कार में किया बलात्कार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा विधायक मुनिरत्ना ने विकास सौधा में अपने कक्ष में और साथ ही अपनी सरकारी कार में एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पीड़िता द्वारा मजिस्ट्रेट को दिए गए बयान में यह बात सामने आई। 40 वर्षीय महिला ने मुनिरत्ना के खिलाफ बेंगलूरु के पास कग्गलीपुरा पुलिस स्टेशन में बलात्कार का मामला दर्ज कराने के दो दिन बाद 19 सितंबर को नेलमंगला के प्रथम अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। मुनिरत्ना को 18 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) उससे पूछताछ कर रहा है। महिला के बयान के अनुसार, मुनिरत्ना ने 2020 और 2022 के बीच उसके साथ कई बार बलात्कार किया और उसे कई आपराधिक अपराध करने के लिए उसके साथ साजिश रचने की धमकी दी। अपने बयान में उसने बताया कि मुनिरत्ना ने उसे एक अन्य महिला को सबक सिखाने में मदद करने के लिए मजबूर किया था, जो एक आईएएस अधिकारी के पति को ब्लैकमेल कर रही थी, जो पहले बीबीएमपी में कार्यरत था। उसके अनुसार, मुनिरत्ना ने उसे इस महिला के साथ संबंध बनाने और उसे शॉपिंग और रिसॉर्ट में ले जाने के लिए कहा। उसने कहा कि यह महिला उसके और मुनिरत्ना के आदमियों के साथ तीन मौकों पर दो रिसॉर्ट में गई थी। ऐसे ही एक रिसॉर्ट में जाने के दौरान, विधायक के एक आदमी ने इस महिला को नींद की गोलियों के साथ ओआरएस पिलाया और जब वह सो गई, तो उसने उसकी नग्न तस्वीरें खींच लीं। बयान के अनुसार, मुनिरत्ना के एक अन्य सहयोगी ने बाद में बेंगलूरु के अन्नपूर्णेश्वरी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उस पर अपनी निजी तस्वीरों के साथ उसे ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया।



बलात्कार पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को बताया कि पुलिस ने इस महिला को गिरफ्तार किया, लेकिन तीन दिन बाद उसे मुनिरत्ना के सामने पेश किया। पीड़िता के अनुसार, मुनिरत्ना ने बाद में इस महिला को उसके गृहनगर जाने के लिए मना लिया और उसे पार्षद बनाने का वादा किया। बयान में कहा गया है कि जब वह चली गई, तो मुनिरत्ना के सहयोगी ने अपनी शिकायत वापस ले ली। बयान में आगे उल्लेख किया गया है कि मुनिरत्ना ने बाद में बीबीएमपी में कार्यरत आईएएस अधिकारी से 400 करोड़ रुपये जारी करवाए। बलात्कार पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि मुनिरत्ना के पास कई पुलिस अधिकारियों के निजी वीडियो हैं और वह ब्लैकमेल के जरिए उन पर अपना काम करने का दबाव बनाता है।

# मुडा घोटाले के आरोप सरकार को अस्थिर करने की नई चाल : मंत्री

### कुमारस्वामी और निर्मला सीतारमण दें इस्तीफा

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने कहा कि भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के इस्तीफे की मांग करने का नैतिक अधिकार नहीं है, जो कथित मुडा भूमि घोटाले में आरोपी हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों एचडी कुमारस्वामी और निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड के बारे में फैसला दिया है और मोदी और सीतारमण पद पर बने हुए हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर विभिन्न राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने और उनके पीछे राजनीतिक एजेंडा रखने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा सिद्धरामैया के इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि सभी मंत्री और विधायक उनके साथ खड़े हैं और उनके नेतृत्व में काम करने पर गर्व करते हैं।



सिद्धरामैया के खिलाफ कथित मुडा भूमि घोटाले के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है और कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। सिद्धरामैया ने कहा है कि वे खुद जांच का सामना करेंगे और किसी भी दबाव में नहीं झुकेंगे। उन्होंने कहा भाजपा नेताओं ने सिद्धरामैया के खिलाफ मुडा घोटाले का इस्तेमाल किया क्योंकि सरकार को अस्थिर करने के उनके प्रयासों से कोई नतीजा नहीं निकला। हमने राज्यपाल थावरचंद गहलोत का अनादर नहीं किया है, लेकिन वे केंद्र के दबाव में हैं और उसकी कठपुतली बन गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया भाजपा नेताओं ने पहले घोषणा करते समय पांच गारंटियों का मजाक उड़ाया था। उनके लागू होने के बाद, उन्होंने आरोप लगाया कि विकास रुक गया है और राज्य का खजाना खाली हो गया है, लेकिन विकास आगे बढ़ रहा है और गारंटियां भी। मुडा घोटाले के आरोप सरकार को अस्थिर करने की नई चाल है। हमें शिकायतकर्ता स्नेहमयी कृष्णा और अब्राहम की पृष्ठभूमि जानने की जरूरत है। भाजपा विधायक रमेश जारकीहोली द्वारा कांग्रेस नेताओं पर मुडा घोटाले के पीछे हाथ होने के आरोप के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार किया और उन्हें बड़ा आदमी करार दिया। भाजपा की राजनीति चुनावों तक ही सीमित है और वे सत्ता में आना चाहते हैं। मोदी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान हरियाणा में मुडा घोटाले का मुद्दा उठाना इसका प्रमाण है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बाढ़ के समय राज्य की मदद नहीं की और प्रभावितों को मुआवजा नहीं दिया और न ही जीएसटी का हमारा हिस्सा जारी किया, जिससे पता चलता है कि भाजपा को कर्नाटक की कोई चिंता नहीं है। गृह लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को जून महीने तक की धनराशि मिल गई है। जुलाई और अगस्त के लिए धनराशि जल्द ही और सितंबर महीने के लिए अगले महीने में जमा कर दी जाएगी। हम आलोचनाओं से नहीं झुकेंगे और योजना जारी रहेगी। उन्होंने भाजपा विधायक बसंगौड़ा पाटिल यतनाल के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि इस योजना का इस्तेमाल महिलाओं के धर्म परिवर्तन के लिए किया गया था। उन्होंने कहा हम भगवान बसवन्ना के सिद्धांतों का पालन करते हैं, लेकिन यतनाल की एक समुदाय से नफरत को समझा नहीं जा सकता और इसमें सुधार की जरूरत है, अन्यथा इसका राजनीतिक भविष्य नहीं है।

# इंजेक्शन के ओवरडोज से सात वर्षीय बच्चे की मौत, डॉक्टर पर मामला दर्ज

**चिकमगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिले में शनिवार को इंजेक्शन के ओवरडोज से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनेश के रूप में हुई है, जो अजमपुरा कस्बे के पास केंचपुरा गांव का रहने वाला था। सोनेश के पिता अशोक ने अजमपुरा थाने में एक निजी डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनेश को तेज बुखार था, जिसके बाद उसके माता-पिता उसे एक निजी क्लिनिक में ले गए। अशोक ने बताया कि डॉ. वरुण ने सोनेश की पीठ पर इंजेक्शन लगाया और उसे घर भेज दिया। हालांकि, सोनेश की पीठ पर छाले पड़ गए और बाद में उसे शिवमोग्गा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्भाग्य से अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सोनेश के माता-पिता ने आरोप लगाया कि दवा के ओवरडोज से उनके बेटे की मौत हुई और उन्होंने वरुण के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



प्रारंभिक जांच से पता चला है कि वरुण के पास बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की डिग्री है और उसके पास मरीजों को इंजेक्शन लगाने का अधिकार नहीं था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बारे में और जानकारी अभी सामने आनी बाकी है। इससे पहले 5 जुलाई को कर्नाटक के दावणगेरे जिले में एक बच्चे की मौत हो गई, जिसका जननांग कथित तौर पर सिजेरियन डिलीवरी के दौरान काटा गया था। परिवार ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बच्चे के रिश्तेदारों ने चिगाटेरी जिला अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर के खिलाफ जवाबदेही और कार्रवाई की मांग की। वहीं 5 जून को, बेंगलूरु में एस.आर. नगर पुलिस ने एक निजी अस्पताल के खिलाफ चिकित्सा लापरवाही का मामला दर्ज किया, जब कथित तौर पर एनेस्थीसिया के ओवरडोज के कारण सात वर्षीय लड़के की मौत हो गई। अगस्त 2023 में, कर्नाटक राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक प्रतिष्ठित अस्पताल और एक बाल रोग विशेषज्ञ को 16 महीने के बच्चे की मौत के लिए 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

# विधायक मुनिरत्ना के आवास पर एसआईटी अधिकारियों ने मारा छापा

### कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** एसआईटी अधिकारियों ने बलात्कार, जातिगत दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी आरआर नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुनिरत्ना के आवास पर छापा मारा और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। रेप मामले में एसीपी कविता के नेतृत्व में एसआईटी टीम ने मुनिरत्ना के आवास और व्यालिकावल स्थित कार्यालय समेत 10 से अधिक ठिकानों पर एक साथ यह छापेमारी की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एफएसएल टीम के साथ की गयी



छापेमारी के दौरान मुनिरत्ना के आवास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये गये। चेलुवराज नाम के एक ठेकेदार ने सिटी पुलिस कमिश्नर दयानंद से शिकायत की थी कि मुनिरत्ना ने धमकी दी थी और जातिगत दुर्व्यवहार किया था। जिसके बाद मुनिरत्ना का ऑडियो वायरल हो गया। व्यालिकावल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में सौंप दिया। इस मामले में जब मुनिरत्ना को जमानत मिल रही थी तो एक महिला ने उसके खिलाफ रेप का मामला दर्ज करा दिया और हड़कंप मच गया। कग्गलीपुरा थाने पहुंची महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मुनिरत्ना ने न सिर्फ मेरे साथ दुष्कर्म किया है, बल्कि वह अपने राजनीतिक विरोधियों को ब्लैकमेल करने के लिए हनी-ट्रैफिक चला रहा है। इस मामले ने राजनीतिक हलके में सनसनी फैला दी, वहीं कुछ लोगों पर हनीट्रैप के वीडियो वायरल हो गए, जब मुनिरत्ना जाति निन्दा मामले में जमानत पर जेल से रिहा हुए, तो उनको कग्गलीपुरा थाना पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ की। अदालत के सामने पेश किया गया और अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में सौंप दिया। मुनिरत्ना के खिलाफ सामने आ रहे मामलों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने सभी मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। सीआईडी के विशेष जांच दस्ते ने कोर्ट में आवेदन देकर उन्हें अपनी हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। अब इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के अधिकारियों ने मुनिरत्ना के आवास और उनके रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों पर छापेमारी की और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए और आगे की कार्रवाई की।

# विकास के लिए बेलगावी जिले का विभाजन जरूरी: लक्ष्मी हेब्बालकर

### 18 विधायकों के पत्र मुख्यमंत्री को सौंपेंगे



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने कहा कि बेलगावी जिले का विभाजन समग्र विकास के लिए जरूरी है, क्योंकि यह भौगोलिक और जनसंख्या दोनों दृष्टि से बड़ा है। उन्होंने कहा दशहरा उत्सव के बाद हम जिले के सभी 18 विधायकों के पत्र मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को सौंपेंगे, चाहे वे किसी भी राजनीतिक संबद्धता के हों। हेब्बालकर ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि विकास उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बेलगावी जिले को दो या तीन जिलों में विभाजित करने की जरूरत है। विभाजन की मांग को पूरा करने के लिए जिले के सभी विधायकों के पत्र सिद्धरामैया और राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा को सौंपे जाएंगे। तीन नए जिलों में से दो पर फैसला सरकार को करना है। उन्होंने कहा मुझे अथानी और बैलहोंगल को जिला बनाने की मांग के बारे में जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा भौगोलिक दृष्टि से बेलगावी एक बड़ा जिला है, इसलिए जनसंख्या भी बड़ी है। जिले के शहरी क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में मतदाता हैं।

विकास के लिए हमें सभी को साथ लेकर चलना होगा और जिले के विभाजन के बाद यह संभव है। लोक निर्माण विभाग और जिला प्रभारी मंत्री सतीश जारकीहोली द्वारा यह कहे जाने पर कि तत्कालीन मुख्यमंत्री जेएच पटेल के कार्यकाल के दौरान चिक्कोडी और गोकक को नए जिले बनाए जाने का निर्णय लिया गया था, उन्होंने कहा कि इस संबंध में जारकीहोली से बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा हम लिंगायत पंचमसाली समुदाय के लिए 2ए आरक्षण पाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। बैठकें हो चुकी हैं और सत्ता में कोई भी पार्टी हो, हम आंदोलन जारी रखेंगे। पूर्व मंत्री मुरुगेश निरानी को जब अवसर मिला था, तब वे मांग पूरी नहीं करवा पाए थे। पंचमसाली पीठ के बसव जयमृत्युंजय स्वामीजी ने मांग पूरी न होने पर असंतोष व्यक्त किया है और हम मांग पूरी करवाने के लिए जल्द ही सिद्धरामैया से मिलेंगे।

# सुधाकर केंद्रीय वित्त पर संसदीय स्थायी समिति के सदस्य नियुक्त

**चिकबल्लापुर/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्र सरकार ने संसदीय स्थायी समितियों की नियुक्ति की है, जिसमें से सांसद डॉ. के. सुधाकर को वित्त पर संसदीय स्थायी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

डॉ. के. सुधाकर पहली बार संसद सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं और इस दौरान उन्हें स्थायी समिति में नियुक्त किया गया और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। इस पर सांसद डॉ. के. सुधाकर ने खुशी जतायी। उन्होंने कहा संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के सदस्य के रूप में चुना जाना बहुत गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वह यह अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला,



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह और बीएल संतोष को धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा मैं 2025 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वित्त पर संसदीय स्थायी समिति के सदस्य के रूप में काम करने के लिए उत्साहित हूं।

# अड्यार में बीएमडब्ल्यू कार में लगी आग, यातायात बाधित



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अड्यार में एक बीएमडब्ल्यू कार पूरी तरह से आग की चपेट में आ गई, जिससे यातायात में काफी बाधा उत्पन्न हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग तेजी से फैली और बचाव कार्य शुरू होने से पहले ही कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटना के कारण घटनास्थल पर कई लोग जमा हो गए और इलाके में यातायात ठप हो गया। इस महीने बीएमडबल्यू कार में आग लगने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 5 सितंबर को सूरतकल में भी ऐसी ही घटना हुई थी, जहां एक और कार आग की चपेट में आ गई थी। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

# सरकार ने सत्ता में आने के एक साल के भीतर राज्य में 12 हजार शिक्षकों की भर्ती की : मधु बंगारप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा कि हमारी सरकार ने सत्ता में आने के एक साल के भीतर राज्य में 12 हजार शिक्षकों की भर्ती की है। शिक्षक दिवस समिति और तालुक शिक्षक संघों के सहयोग से शिक्षक भवन में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा शिक्षा विभाग एक बहुत बड़ा विभाग है।



राज्य में 58 हजार स्कूल-कॉलेज हैं और एक करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ते हैं। इस विभाग में 40 फीसदी सरकारी कर्मचारी हैं और इस पर सालाना 50 हजार करोड़ रुपये का खर्च आ रहा है। उन्होंने कहा कि 7वें वेतन आयोग के लागू होने से शिक्षकों के वेतन में 6,000 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कल्याण कर्नाटक में 6000 शिक्षकों की भर्ती लंबित है और एक महीने में 5800 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। राज्य में 45 हजार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है और शारीरिक शिक्षा सहित विभिन्न विषयों को पढ़ाने के लिए अतिरिक्त 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। सरकारी स्कूल के बच्चों के कुपोषण का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने 1591 करोड़ रुपये का दान दिया है और इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। विधायक ए. मंजू ने कहा कि तालुक में पूर्व छात्रों के सहयोग से उन्होंने जो 12 चिल्ड्रन होम प्री-प्राइमरी स्कूल खोले हैं, वे अच्छी तरह से काम कर रहे हैं, जिसके लिए शिक्षकों और स्कूल विकास समिति का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने मंत्री से तालुक में शैक्षिक विकास के लिए और अधिक सहायता की अपील की।

### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी के खिलाफ

# आरोपों से संबंधित दस्तावेज केंद्रीय गृह सचिव को सौंपेंगे: कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि वह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी चंद्रशेखर के खिलाफ आरोपों से संबंधित दस्तावेज केंद्रीय गृह सचिव को सौंपेंगे। यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने शिकायत की कि इस अधिकारी और श्रीधर के अधीन एक अधिकारी ने 20 करोड़ रुपये की मांग की थी। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।



उन पर लगे आरोपों से जुड़े दस्तावेज केंद्रीय गृह सचिव को दिये जायेंगे। चन्द्रशेखर की पत्नी के नाम पर राजकालुवे पर 38 मंजिला इमारत बन रही है। इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे ही एक अधिकारी ने लोकायुक्त मंत्रालय के अधिकारी और कर्मचारियों की जांच कराने के लिए सरकार से अनुमति मांगने का दुस्साहस दिखाया है। उन्हें यह अधिकार किसने दिया? आपने उस अधिकारी को ऊंचे पद पर क्यों रखा जो इस तरह के आरोप झेल रहा है?

वे संवैधानिक संस्थाओं का कितना सम्मान करते हैं, इसका ताजा उदाहरण है। सिद्धरामैया ने विपक्ष के नेता रहते हुए राज्यपाल के कर्तव्य और जिम्मेदारी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब सरकार गलती करती है तो राज्यपाल के पास उसे सुधारने का अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि इसके बारे में पूछना अच्छा है। जैसे ही कोई शिकायत करता है तो एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया जाता है। उन्होंने शिकायत के कुछ पहलुओं का जिक्र करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर के खिलाफ शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। आंध्र प्रदेश के रहने वाले चंद्रशेखर को हिमाचल प्रदेश कैडर में चुना गया था। 2008-09 में कर्नाटक में असाइनमेंट पर काम करने के लिए राज्य में आये। इस प्रकार अधिकतम 5 वर्ष तक सेवा की जा सकती है। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की जलवायु उनके स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है और उन्होंने अपने स्वास्थ्य के बारे में झूठे दस्तावेज बनाए और यहीं रह गए। इस अधिकारी पर गड़बड़ी से जुड़े कई आरोप लगे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें लोकायुक्त और आंतरिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने ऐसे अधिकारी को आगे कर कड़ी मेहनत कर विपक्षी दल को खत्म करने का निर्देश दिया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि यह काम करने वालों को सीआईडी प्रमुख का पद या बेंगलूरु सिटी पुलिस कमिश्नर का पद देते हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार कर विपक्ष से बदला लेने की गलत परंपरा शुरू करने का आरोप लगाया। उन्होंने पूछा कि अगर राज्य में यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में जन प्रतिनिधि कैसे काम करेंगे। मैंने गंगेनहल्ली डी नोटिफिकेशन नहीं किया है। जब मैं मुख्यमंत्री था, जब संबंधित फाइल मेरे सामने आयी, तो मैंने कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस मामले को लेकर मुझे कोई नोटिस नहीं दिया गया। एक अखबार में रिपोर्ट देखकर मैं लोकायुक्त कार्यालय गया। मैंने वहां दस मिनट तक जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने 21 तारीख को टाइप किए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे ताकि अधिकारियों को कोई परेशानी न हो।

# मुडा घोटाला और निर्मला सीतारमण मामला बहुत अलग: आर.अशोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत द्वारा एफआईआर का आदेश देने और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के मुडा घोटाले में जमीन आसमान का अंतर है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत द्वारा केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ एफआईआर का आदेश देने और मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के मुडा कांड में जमीन आसमान का अंतर है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया अपने रिश्तेदारों के प्रति पक्षपाती हैं। सीएम ने करोड़ों रुपये की जमीन हड़प ली है। निर्मला सीतारमण ने अपने लिए कुछ नहीं किया है। वह पैसा पार्टी के पास आ गया है। कांग्रेस पार्टी को भी 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा मिले। उन्होंने कहा कि पहले पैसा वापस किया जाए फिर मंत्री का इस्तीफा मांगा जाए। सभी पार्टियों ने चंदा इकट्ठा कर लिया है। ऐसे में अगर पैसे लेने वालों के



खिलाफ एफआईआर दर्ज होती है तो सभी के खिलाफ दर्ज होनी चाहिए। इससे साफ है कि सीएम सिद्धरामैया ने खुद किसी के कहने पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि शिकायत राजनीति से प्रेरित है। कैबिनेट में सीएम के मामले पर चर्चा नहीं हुई। लेकिन चुनावी बांड को लेकर कैबिनेट में चर्चा के तौर पर एक सरकारी आदेश जारी किया गया है। मुडा घोटाले के आरोप से बचने के लिए कांग्रेस नेता इस तरह की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी तो उन्होंने कई घोटाले किये। यदि सिद्धरामैया मुख्यमंत्री हैं, तो संभावना है कि वह पुलिस को प्रभावित करेंगे। हम इसके लिए उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। लेकिन केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को राज्य पुलिस से कोई लेना-देना नहीं है। कुमारस्वामी अपनी शक्ति का दुरुपयोग नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि मुडा घोटाले की तुलना किसी अन्य मामले से नहीं की जानी चाहिए।

# निर्मला सीतारमण के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** चुनाव बांड घोटाले में फंसी केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के तत्काल इस्तीफे की मांग को लेकर केपीसीसी महासचिव मनोहर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ राजनीतिक साजिश रच रहे बीजेपी जेडीएस के कुछ भ्रष्ट सदस्य सिद्धरामैया के इस्तीफे के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन अब भाजपा जेडीएस को लोगों को बताना जाना चाहिए कि वे करोड़ों रुपये के अवैध चुनाव बांड घोटाले में शामिल केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण का इस्तीफा क्यों नहीं मांग रहे हैं। इस घोटाले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र भी आरोपी हैं। देश की जनता अब जान चुकी है कि जनता का पैसा लूटकर केंद्र में शासन




कर रहे केंद्र सरकार के मंत्री भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। निर्मला सीतारमण के आरोपी होने की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री को भी नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भ्रष्टाचार का मतलब है भाजपा, भाजपा का मतलब है भ्रष्टाचार, सत्ताधारी दल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले भाजपा नेता अब इस्तीफा मांगने की नैतिकता खो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फिर साबित हो गया है कि भाजपा सबसे अधिक भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त है। विरोध प्रदर्शन में पार्टी नेता उमेश पुट्टाराजू, नवीन, हेमराज, कौशिक, वासु, मधु, गजेंद्र शामिल हुए।

## बिहार में उफान पर कोसी-गंडक, 48 घंटे का हाईअलर्ट

# आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं : मंत्री





**पटना (एजेंसियां)।**

पिछले कुछ दिनों से नेपाल में हो रही लगातार बारिश के कारण कोसी, सीमांचल और मिथिलांचल में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। शनिवार को कोसी नदी में रिकॉर्ड 6.81 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने की आशंका है। ऐसा 56 साल बाद हो रहा है। इतना ही नहीं गंडक नदी में भी 21 साल बाद रिकॉर्ड छह लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज होने की आशंका है। जल संसाधन विभाग ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए अगले दो दिनों तक अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन की टीम लगातार तटबंधों की निगरानी कर रही है।

शनिवार सुबह आठ बजे कोसी बराज से चार लाख 18 हजार 285 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया है। वहीं बराह क्षेत्र में 3 लाख 53 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है।

जिला प्रशासन की टीम तटबंध के इलाकों में अभी भी लोगों को निकालने में जुटा प्रशासन है। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। सभी अधिकारियों को 24 घंटे तटबंधों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। अगले 48 घंटे तक हाईअलर्ट घोषित किया गया है।

इधर, मौसम विभाग ने बिहार के पश्चिम और पूर्वी चंपारण, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज समेत 13 जिलों बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने मौसम विभाग की मानें तो इन जिलों के अनेक भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। यहां हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने इन इलाकों में वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया है।

वहीं गोपालगंज में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से अब गंडक नदी भी तबाही मचाने की तैयारी में है। साथ ही नेपाल के जल अधिग्रहित क्षेत्र में भारी बारिश के चलते गंडक नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है, जिससे गोपालगंज में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। डीएम महम्मद मकसूद आलम ने इस संदर्भ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हाई अलर्ट जारी किया है।

पटना एम्स की ओर से जेपी सेतु के किनारे रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य समस्याओ को ध्यान रखते हुए मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें एम्स पटना के अनुभवी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की एक टीम ने भाग लिया। शिविर मे 170 मरीजो की जांच और उपचार के साथ-साथ दावा का भी वितरण किया गया है।

एम्स पटना के नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि हमार उद्देश्य इस मुश्किल समय में बाढ़ग्रस्त लोगों की सेवा करना है।

बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के हेड डॉ वीणा सिंह ने लोगों को बाढ़ में फैलने वाली बीमारियों से अवगत कराया। एनएमओ एम्स पटना के पूर्व सचिव दिगम्बर दूबे ने बताया कि हमलोग हर रविवार को झुग्गी-झोपड़ी और गरीब बस्तियो मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते हैं।

इस शिविर में डॉ लक्ष्मी सिन्हा, सर्जरी विभाग के डॉ शिवशंकर पासवान, डॉ अश्विन ,डॉ धीरेन्द्र कुमार ,डॉ शशिकांत, नेत्र विभाग के डॉ सोनी सिन्हा ,औषधी विभाग के डॉ दिग्विजय, डॉ रितिक जयसवाल ,डॉ अभिषेक, डॉ रौकी आनंद और डॉ अजय ने आपना योगदान दिया।

## 21 दिन में दूसरी बार पटना पहुंचे जेपी नड्डा

# भाजपा कार्यालय में सांसद और विधायकों के साथ की बैठक

**पटना (एजेंसियां)।**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा 21 दिन में दूसरी बात आज पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के वरीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पटना एयरपोर्ट पर पहुंचने पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वहां से सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सचिवालय स्थित सात मूर्ति पहुंचे। वहां उन्होंने अमर शहीदों के स्मारक पर माल्यार्पण की एवं उन्हें नमन किया। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पर भाजपा के वरीय नेता, मंत्री, सांसद और विधायकों से मुलाकात की। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जेपी नड्डा इन नेताओं के साथ मीटिंग कर रहे हैं। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बिहार आगमन को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। माना जा रहा है कि आगामी 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार में भाजपा के कार्यकर्ताओं से मिलकर बंद कमरे में गुफ्तगू करेंगे। साथ ही 2025 में होने वाले विधानसभा में रणनीति भी तैयार कर सकते हैं। उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और जोश देखा जा रहा है। इधर, भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेत-ाओं के साथ जेपी नड्डा बैठक कर रहे। बैठक में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, सांसद रविशंकर प्रसाद भी मौजूद हैं। इस दौरान वे बंद कमरे में पार्टी के सभी सांसद-विधायक और पदाधिकारियों से बात कर रहे। तय कार्यक्रम के मुताबिक चार घंटे तक बिहार में रहेंगे। अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। सदस्यता अभियान की भी समीक्षा करेंगे।

# लैंड फॉर जॉब स्कैम के मकड़जाल में लालू परिवार

## जमीन के बदले नौकरियां बांटी : स्वास्थ्य मंत्री





**पटना (एजेंसियां)।**

लैंड फॉर जॉब स्कैम को लेकर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मंगल पाण्डेय ने कहा है कि लालू समेत उनका पूरा परिवार लैंड फ़ॉर जॉब स्कैम के मकड़जाल में बुरी तरह उलझ गया है। सीबीआई का सीधा आरोप है लालू के रेल मंत्री (2004 से 2009) रहते हुए लैंड फॉर जॉब स्कैम हुआ था। एक दर्जन से ज्यादा लोगों को रेलवे में नौकरी देने के बदले लालू परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन और अन्य प्रॉपर्टी ट्रांसफर कराई गई।

मंगल पांडेय ने कहा कि जमीनों के बदले ये नौकरियां मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर जोन में दी गईं। लालू के परिवार ने 4.39 करोड़ से ज्यादा की एक लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन विभिन्न शेल (फर्जी) कम्पनियों या कंडीडेट के परिजनों से महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली। मेसर्स एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी फर्जी कम्पनियां इस खेल में शामिल थीं।

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार उस समय के सर्कल रेट के अनुसार ली गई जमीन की कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपए से ज्यादा थी। कम पैसों में जमीन लेने के बाद ज्यादातर मामले में जमीन मालिक को कैश में भुगतान किया गया। जमीन दूसरों के नाम पर रजिस्टर्ड हुई और बाद में लालू परिवार के सदस्यों को गिफ्ट कर दी गई। उन्होंने कहा कि लालू के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों के नाम पर लगभग चार जमीन के बड़े प्लाट पटना के महुआ बाग में लिए गए हैं। इसमें से चार जमीन परोक्ष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से जुड़ी हुई हैं।

# पूर्व विधायक ललन कुंवर और उनके बेटे पर गोलीबारी, दिनदहाड़े फायरिंग से बेगूसराय में दहशत

**बेगूसराय (एजेंसियां)।**

बेगूसराय जिले में अपराध का एक और खौफनाक चेहरा सामने आया है। तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललन कुंवर और उनके बेटे पिंढौली पंचायत के वर्तमान मुखिया कुंवर अनुराग प्रताप पर दिनदहाड़े अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर जानलेवा हमला किया। इस हमले में दोनों किसी तरह बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। घटना तेघड़ा थानाक्षेत्र में हुई और पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।





जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पिंढौली पंचायत के मुखिया कुंवर अनुराग प्रताप के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन पर अपराधी ने पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी दी। अनुराग ने तुरंत इस बात का विरोध किया और जब पता चला कि फोन उनके ही गांव के अपराधियों का है, तो वे इस मामले की तहकीकात के लिए घर से निकले। उनके साथ उनके पिता पूर्व विधायक ललन कुंवर और उनके बॉडीगार्ड भी थे।

इस दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे चार-पांच हथियारबंद अपराधी ने कुंवर अनुराग प्रताप और उनके पिता पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास के लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। कुंवर अनुराग और उनके पिता किसी तरह जान बचाकर भागे। उनके साथ मौजूद बॉडीगार्ड ने अपनी बंदूक निकालकर अपराधियों का मुकाबला किया। इससे अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

मुखिया कुंवर अनुराग प्रताप ने बताया कि इस हमले के पीछे गांव के कुछ अपराधियों का हाथ है, जिन्हें हाल ही में शराब के मामले में जेल भेजा गया था। अपराधियों ने जेल से छूटने के बाद उन्हें और उनके पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपियों का कहना था कि उन्हें मुखिया और पूर्व विधायक के कारण ही जेल जाना पड़ा था और अब वे दोनों को मारकर बदला लेंगे।

तेघड़ा के पूर्व विधायक ललन कुंवर ने बताया कि हमले के वक्त उनके साथ उनका बॉडीगार्ड भी था, जिसने अपनी सूझबूझ से इस संकट की घड़ी में उनकी जान बचाई। बॉडीगार्ड ने समय रहते अपराधियों के सामने हथियार निकालकर मोर्चा संभाल लिया, जिससे अपराधी घबरा गए और मौके से फरार हो गए। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर बॉडीगार्ड ने सही समय पर जवाबी कार्रवाई नहीं की होती, तो शायद हम आज जिंदा नहीं होते।

घटना के बाद पूर्व विधायक ललन कुंवर और उनके पुत्र कुंवर अनुराग प्रताप ने पुलिस से मांग की है कि उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग भी की है।

वहीं, दिनदहाड़े इस हमले के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग भयभीत हैं और खुलेआम अपराधियों द्वारा इस तरह की घटना को अंजाम दिए जाने से चिंतित हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों में पुलिस और प्रशासन के प्रति भी रोष है, क्योंकि अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े गोलियां चला रहे हैं और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही तेघड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सबूत जुटाए हैं और अपराधियों की पहचान के लिए इलाके में छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस घटना के दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

# झोपड़ी पर गिरी निर्माणाधीन घर की दीवार, एक बच्ची की मौके पर मौत

### परिवार में कोहराम

**बेतिया (एजेंसियां)।**

बेतिया जिले के मैनाटांड़ प्रखंड के लंगड़ी बस्ठा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बगल के निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से झोपड़ीनुमा घर में सो रही 12 वर्षीय बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार अहले सुबह की बताई जा रही है, जब ललन पंडित के घर पर बगल के मकान की दीवार गिर गई। इस हादसे में ललन पंडित की बेटी तेतरी कुमारी की जान चली गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह जान बचाने में कामयाब रहे।

जानकारी के अनुसार, ललन पंडित का परिवार अपने झोपड़ीनुमा घर में सो रहा था। लगातार बारिश के कारण बगल के निर्माणाधीन मकान की दीवार ढह गई और ललन पंडित के घर पर आ गिरी। तेतरी कुमारी, जो चौकी पर सो रही थी, दीवार के मलबे में दब गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ ही उसकी बहनें रंजू कुमारी और रानी कुमारी किसी तरह बच निकलीं। हालांकि घटना से पूरे परिवार में मातम पसर गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि नफीस अंजुम और स्थानीय लोग



जैसे रोहित कुमार, रीतेश यादव, लालबाबू प्रसाद, जयमुल्लाह आदि मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना सीओ (सर्किल ऑफिसर) आशीष आनंद और मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार को दी। सूचना मिलने पर दरोगा रंजीत कुमार और राजस्व कर्मचारी प्रभाकर कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया।

सीओ आशीष आनंद ने बताया कि तेतरी कुमारी की मौत पड़ोसी के निर्माणाधीन घर की दीवार गिरने से हुई है। उन्होंने आगे कहा कि मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से मुआवजा देने के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। मैनाटांड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मृतका की मां, जोखन देवी के आवेदन पर यूडी केस (अप्राकृतिक मृत्यु) दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस दुखद घटना के बाद मृतका तेतरी कुमारी के परिवार का हाल बेहाल है। उसकी मां जोखन देवी, भाई विकास कुमार और बहनें रंजू कुमारी और रानी कुमारी का रो-रो कर बुरा हाल है। आसपास के गांव की महिलाएं भी परिवार को ढांढ़स बंधाने के लिए पहुंचीं। पूरे गांव में इस घटना से शोक की लहर है और लोग परिवार को इस कठिन समय में समर्थन देने का प्रयास कर रहे हैं।

# गोलीबारी से घायल ग्रामीण चिकित्सक की मौत, गुस्साए लोगों ने जाम किया समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग

**दरभंगा (एजेंसियां)।**

समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के भगीरथपुर गांव में दवा दुकानदार और ग्रामीण चिकित्सक सुनील चौधरी की गोली लगने से हुई मौत के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। पांच दिन पूर्व बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी में घायल सुनील चौधरी की शुक्रवार रात पटना के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार सुबह जैसे ही उनका शव समस्तीपुर पहुंचा, गांव वालों का आक्रोश भड़क उठा। फिर उन्होंने समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य मार्ग को मगरदही घाट के पास जाम कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात ठप हो गया। इस जाम के कारण सुबह-सुबह स्कूल और कार्यालय जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। खासकर बच्चों और दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कत हुई।



आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी गांधी चौधरी की गिरफ्त-ारी, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। आक्रोश बढ़ता देख नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म करवाया।

जानकारी के मुताबिक, घटना 23 सितंबर की रात की है, जब सुनील चौधरी अपनी दवा की दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे।

तभी बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली उनके शरीर में जा लगी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल सुनील चौधरी को समस्तीपुर के एक निजी अस्प-ताल में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना के मेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार मध्यरात्रि उनकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सुनील चौधरी की पत्नी के बयान पर कल्याणपुर थानाक्षेत्र के भगीरथपुर गांव के गांधी चौधरी समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मुख्य आरोपी गांधी चौधरी अभी भी फरार है। गांधी चौधरी पहले भी गांव के संतोष राय पर गोली चलाने का आरोपी रहा है।

गांव वालों का आरोप है कि अगर पुलिस समय रहते संतोष राय पर हुए हमले के मामले में सक्रिय होती और गांधी चौधरी को गिरफ्तार कर लेती, तो सुनील चौधरी की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस अब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है, लेकिन गांव में पुलिस की सुस्ती को लेकर भारी नाराजगी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com